207972 - नकद धन पर ज़कात की गणना करने का तरीका

प्रश्न

मेरे पास 10,000 रियाल की राशि है और उसपर पूरा एक साल बीत चुका है। उसपर कितनी ज़कात देय है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

बैंक नोटों (केश) पर ज़कात के रूप में जो दिया जाना अनिवार्य है वह उसके "दसवें भाग का एक चौथाई" है, और अंकों में : उसका 2.5%, या : प्रति हज़ार में से 25 है।

बैंक नोटों (नकद) पर ज़कात की गणना करने का तरीका यह है कि उनमें से प्रत्येक हजार में से 25 रियाल निकाला जाए। यदि वह राशि दस हज़ार है, तो उसकी ज़कात 250 रियाल है।

आप ऐसा भी कर सकते हैं कि उस राशि को (जो ज़कात के निसाब तक पहुँच गई है) चालीस से विभाजित कर दें। फिर उस विभाजन से जो भी परिणाम प्राप्त हो, वही ज़कात की देय राशि है।

इसके आधार पर, यदि आप 10,000 रियाल को 40 से विभाजित करते हैं, तो परिणाम 250 रियाल होगा। यही उस राशि [नकदी] के लिए ज़कात की मात्रा है।

अधिक जानकारी के लिए प्रश्न संख्या : (2795) का उत्तर देखें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।